दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 218 मुरादाबाद, 28 November 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

अंतिम दौर में पुरानी पेंशन की लड़ाई, सरकार को हड़ताल का नोटिस देने की तैयारी, रेलवे और डिफेंस का मिला साथ

स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद %जेसीएम% के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, अब स्ट्राइक बैलेट का नतीजा आ गया है। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी, हड़ताल के पक्ष में हैं %पुरानी पेंशन बहाली% की लड़ाई अब अंतिम दौर की तरफ बढ़ रही है। अगर सरकार, कर्मचारियों की इस मांग को नहीं मानती है, तो उस स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है। कितने कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में हैं, यह पता लगाने के लिए केंद्र सरकार में दो बड़े विभाग, रेलवे और रक्षा विभाग (सिविल) में स्ट्राइक बैलेट यानी मतदान कराया गया था। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद %जेसीएम% के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, अब स्ट्राइक बैलेट का नतीजा आ गया है। रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग (सिविल) के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी, हड़ताल के पक्ष में हैं। यह मतदान पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से हुआ है। कर्मियों ने बिना किसी दबाव के अपना मत डाला है। अब ज्वाइंट फोरम की बैठक में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए निर्धारित तिथि की घोषणा की जाएगी। दो दिन तक जारी रहा स्ट्राइक बैलेट- बतौर शिव गोपाल मिश्रा, उम्मीद है कि सरकार इस स्ट्राइक बैलेट को गंभीरता से लेगी। केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी, लंबे समय से ओपीएस की मांग कर रहे हैं। नहीं करती है, तो भारत बंद जैसे कई कठोर कदम उठाए जाएंगे।

तेलंगाना को नहीं चाहिए अंधविश्वास के गुलाम सीएम, रैली में केसीआर पर बरसे पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा एक बार केसीआर ने मुझसे ये विनती की थी लेकिन भाजपा तेलंगाना के लोगों की इच्छा के खिलाफ कोई काम नहीं कर सकती। तेलंगाना का अगली सीएम भाजपा से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के महमूदाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की केसीआर सरकार पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोग केसीआर सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस चुके हैं। तेलंगाना को बर्बाद करने में कांग्रेस और केसीआर बराबर के पापी हैं। तेलंगाना के लोग एक बीमारी को हटाकर दूसरी बीमारी को प्रवेश नहीं देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि केसीआर को भाजपा की बढ़ती हुई ताकत का एहसास बहुत पहले हो गया था। इस वजह से केसीआर इस कोशिश में थे कि किसी तरह भाजपा से दोस्ती कर लें। एक बार केसीआर ने मुझसे ये विनती की थी लेकिन भाजपा तेलंगाना के लोगों की इच्छा के खिलाफ कोई काम नहीं कर सकती। तेलंगाना का अगली सीएम भाजपा से होगा। पीएम मोदी ने ये भी कहा कि भाजपा पहले ही कह चुकी है कि तेलंगाना का भाजपा सीएम ओबीसी वर्ग से होगा। प्रधानमंत्री ने सीएम केसीआर पर हमला बोलते हुए कहा कि सीएम अंधविश्वास के गुलाम और गरीबों को गुनाहगार हैं। तेलंगाना को फार्महाउस सीएम नहीं चाहिए।

बीआरएस के साथ ही कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीआरएस की कार के चार पहिए और एक स्टीयरिंग और कांग्रेस का पंजा एक ही हैं। दोनों पार्टियों ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा दिया। दोनों पार्टियां तुष्टिकरण की राजनीति को नई ऊंचाई पर ले जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस ने हमेशा से दलितों और आदिवासियों को धोखा दिया है। भाजपा सरकार में ही सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर सभी परिवारों को महंगे पेट्रोल-डीजल से राहत मिलेगी।

554वां प्रकाश पर्व: मुख्यमंत्री योगी बोले- सिख आज पूरी दुनिया में छाए हैं, मुगलों का कहीं अता-पता नही

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी द्वारा रखी गई नींव को और मजबूत करना हर भारतीय का दायित्व है। सिख गुरुओं का बलिदान केवल खालसा पंथ के लिए न होकर हिन्दुस्तान और धर्म को बचाने के लिए था। उस दौर में जब बड़े-बड़े राजा महाराजा मुगल सत्ता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, तब सिख गुरु अपने दम पर देश और धर्म की रक्षा कर रहे थे। जिस देश और परंपरा में इस प्रकार का जुझारूपन हो उसे दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती। खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन का कारण बनी। आज सिख पूरी दुनिया में छाये हुए हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता-पता नहीं है। ये सत्य और धर्म का रास्ता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आशियाना स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। बाबर के अत्याचारों के खिलाफ गुरु नानक देव जी ने बुलंद की थी आवाज- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व हम सबके जीवन में गुरु कृपा से ज्ञान का प्रकाश देता है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान, भक्ति, शक्ति, साधना देश और धर्म के लिए अनुकरणीय है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु नानक जी का प्रकाश फैला है। उन्होंने लोक कल्याण और साधु सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पक्ष भक्ति के माध्यम से साधना का है तो वहीं दूसरा पक्ष भक्ति के माध्यम से लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। भक्ति के माध्यम से गुरु नानक देव जी ने उस कालखंड में बाबर के अत्याचारों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। जात-पात और अन्य संकीर्ण विचारों से मुक्त रहकर कार्य करने की प्रेरणा हमें गुरु नानक देव जी से मिलती है। सिख धर्म साधना के गूढ़ रहस्यों से भरा पड़ा है मुख्यमंत्री ने मक्का की घटना का भी जिक्र किया, जब गुरु नानक देव ने एक मौलवी को %एक ओमकार की सीख दी। सीएम योगी ने कहा कि सिख धर्म साधना के गूढ़ रहस्यों से भरा पड़ा है। इस परंपरा ने आगे चलकर गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहबजादों और हजारों सिखों द्वारा देश और धर्म के लिए बलिदान का भी जिक्र किया। कहा कि उनका बलिदान देश को एक नई शक्ति और प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खालसा केवल एक पंथ नहीं है, ये देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु कृपा से निकला हुआ प्रकाश पुंज है। इसने विपरीत परिस्थितियों में विदेशी ताकत को झुकने के लिए मजबूर किया।

लखनऊ से निकली आवाज राष्ट्रव्यापी आवाज बन गई

सीएम योगी ने कहा 2020 में साहबजादा दिवस के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री आवास में करने का उन्हें सौभाग्य मिला। फिर 2022 में ये राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम बना। सच्चे संकल्प के साथ जब हम आगे बढ़ते हैं तो वो जरूर पूरे होते हैं। लखनऊ से निकली आवाज राष्ट्रव्यापी आवाज बन गई। दशकों से साहबजादा दिवस की मांग उठ रही थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर 2022 को साहबजादा बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर पूरा किया। हम सब मिलकर अपने इतिहास से प्रेरणा लें। साथ ही उन क्रूर और काले क्षणों को भी याद करें, जब अत्याचार और बर्बरता की सारी पराकाष्ठा को पार करते हुए निर्ममता ढाई गई।

आज हम स्वतंत्र भारत में पूरी मजबूती के साथ रहकर कार्य कर रहे हैं, ये हमारे सिख गुरुओं के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है, जो हमे चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा देता है। गुरु नानक जी द्वारा रखी गई इस नींव को और मजबूत करना हर सिख और हर भारतीय का दायित्व है। इसी में राष्ट्र की समृद्धि होगी। इस अवसर पर मंत्री बलदेव सिंह ओलख, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, अध्यक्ष गुरुद्वारा साहेब प्रबंध कमेटी सरदार जसबीर सिंह चड्ढा, जसजीत सिंह बेदी, जसपाल सिंह दुग्गल, जगजीत सिंह, यूपी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग शामिल रहे।

बदायूं के मेला ककोड़ा में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य कमाया। बरेली के चौबारी मेले में भी भारी भीड़ रही। यहां हजारों लोगों ने रामगंगा में स्नान किया। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और रामगंगा के घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रुहेलखंड के मिनी कुंभ मेला ककोड़ा में सोमवार तड़के चार बजे से स्नान गंगा स्नान शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पुण्य कमाया। बदायूं के कादरचौक में गंगा तट पर लगे मेला ककोड़ा में आधी रात से ही पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह तक हर तरफ भीड़ ही भीड़ दिख रही थी। इधर, बरेली में रामगंगा के चौबारी घाट पर श्रद्धालुओं का रेला दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मूर्हत में स्नान कर दान-पुण्य किया। इसके बाद मेले का लुत्फ उठाया। ककोड़ा मेला में भोर से ही हर हर गंगे के जयघोष के साथ स्नान शुरू हो गया। लोगों ने गंगा स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दिया। अपने और परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। गंगा में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य किया। इसके बाद मेले का आनंद उठाया। तीन जगह स्नान घाट बनने से काफी राहत रही। ककोड़ा मेला में मुख्य स्नान के दौरान गंगा नदी में नाव से पुलिस निगरानी करती रही। घाट पर जहां पानी ज्यादा था वहां जाने से लोगों को पुलिस रोकती रही। ककोड़ा मेले में करीब एक लाख कल्पवासी पहुंचे हैं। इसके अलावा विभिन्न शहरों से लाखों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर गंगा में स्नान किया। स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) के मुताबिक सोमवार को मुख्य स्नान पर्व पर चार लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है। बदायूं के उझानी स्थित कछला घाट पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मिनी कुंभ ककोड़ा मेले में जिला पंचायत और पुलिस की ओर से मनचलों से निपटने के लिए मजनू पिंजरा बनाया गया है। मनचलों ने अगर कोई हरकत की तो पुलिस उन्हें पिंजरे में बंद करेगी। मेले में पुलिस की ओर से अस्थायी हवालात कोतवाली के पास ही बनाई गई है।

मेले में खुराफात करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। बरेली में कार्तिक पूर्णिमा पर रामगंगा के घाटों पर श्रद्धालु का सैलाब उमड़ पड़ा। चौबारी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। तड़के चार बजे से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। हर-हर गंगे से घाट गूंज उठे। स्नान, पूजन और दान के बाद मेले में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी। बच्चे, युवक और युवतियां झूले का आनंद लेते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं को कोई परेशान न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

राज्य में घूमना मुश्किल कर देंगे, आरक्षण के लिए बनी शिंदे समिति के विरोध पर छगन भुजबल को धमकी

छगन भुजबल महाराष्ट्र के एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं और उन पर मराठा आंदोलन का विरोध करने का आरोप लग रहा है। साथ ही उन्होंने मराठा आंदोलन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे मनोज जारांगे पर भी निशाना साधा। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल छगन भुजबल ने कहा है कि मराठाओं को आरक्षण देने के लिए गठित की गई शिंदे समिति को रद्द कर देना चाहिए। इसे लेकर भुजबल पर मराठा आरक्षण का विरोध करने का आरोप लग रहा है। अब भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल एक मराठा संगठन का सदस्य सोमवार को भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा। साथ ही उसने धमकी दी कि %अगर भुजबल ने विरोध बंद नहीं किया तो उनका महाराष्ट्र में घूमना मुश्किल कर देंगे। भुजबल को मिली धमकी-दरअसल छगन भुजबल पुणे के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। इसी दौरान सोमवार को स्वराज्य संगठन का सदस्य धनंजय जाधव गेस्ट हाउस में भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने नारेबाजी की। उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा और ये भी कहा कि वह भुजबल की गाड़ी तो क्षतिग्रस्त कर सकता है लेकिन ऐसा नहीं करेगा। इसके बाद पुलिस ने धनंजय जाधव को हिरासत में लिया। इस दौरान भुजबल के समर्थकों ने भी नारेबाजी की। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त गाड़ी में कोई नहीं था और वह गेस्ट हाउस में पार्क थी। फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर आरक्षण लेने की कोशिश का आरोप-बता दें कि छगन भुजबल महाराष्ट्र के एक प्रमुख ओबीसी नेता हैं और उन पर मराठा आंदोलन का विरोध करने का आरोप लग रहा है। साथ ही उन्होंने मराठा आंदोलन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे मनोज जारांगे पर भी निशाना साधा। महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को कहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए गठित की गई शिंदे समिति को रद्द करने की मांग की है। हालांकि शिंदे ने कहा कि वह मराठाओं को अलग आरक्षण देने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन जिस तरह से खुंबी सर्टिफिकेट लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं, वह इसके खिलाफ हैं। भुजबल बोले-ओबीसी के आरक्षण में नहीं होनी चाहिए कटौती- 'फिकेट जारी करने की प्रक्रिया तय करेगी, जिन्हें निजाम के शासनकाल में खुंबी माना जाता था। खुंबी समुदाय कृषक वर्ग है, जो महाराष्ट्र में ओबीसी वर्ग के तहत आता है। मनोज जारांगे के नेतृत्व में मराठा समुदाय की मांग है कि मराठाओं को खुंबी सर्टिफिकेट जारी किए जाएं ताकि उन्हें ओबीसी वर्ग के तहत मिलने वाले आरक्षण का लाभ मिल सके। भुजबल का कहना है कि ओबीसी वर्ग को मिल रहे आरक्षण में कटौती करके मराठाओं को आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए।

संपादकीय Editorial

Governor is not a 'veto'

Yesterday was 26th November. On this date in 1949, the Constituent Assembly gave final approval to the 'Constitution of Independent India'. It is from here that the journey of India's parliamentary democracy begins. The country celebrates this day as 'Constitution Day'. The President and the Prime Minister give good statements. Festivals are also celebrated. The Constitution was implemented on January 26, 1950, hence the country celebrates 'Republic Day' on that day. The two important pillars of the Constitution and democracy are the Judiciary and the Governor.

These days, the judges of the Supreme Court have had to make harsh and angry comments against some governors. The apex court has to set a definite limit on the discretionary, constitutional and arbitrary powers of the Governor on the basis of Punjab Governor, so that the Governors of Tamil Nadu, Kerala and Telangana can also learn a lesson. If the Governor does not fulfill his responsibilities as per the Constitution, the Constitution Bench of the Supreme Court will have to take more stringent decisions.

The powers and responsibilities of all posts are well defined in the Constitution. Then what are the reasons that the apex court has had to make harsh comments against the governors. Rather, his behavior had to be termed as 'unconstitutional' and 'political'? One reason could be Article 200, which incompletely explains the time in which the Governor will give his assent to the bills. In this context, the Chief Justice of the country Justice DY Chandrachud has even had to say that the Governor is not omnipotent in democracy and the Constitution. They are not even elected public representatives.

He is appointed by the President, on the recommendation of the Union Cabinet. They cannot 'veto' the elected assembly in a democracy. The basic strength of the Constitution and democracy lies in the legislators elected by the people. The Governor cannot declare the Assembly session 'illegal'. Justice Chandrachud has questioned Tamil Nadu Governor RN Ravi as to what he was doing for three years? Comments have been made about Punjab Governor Banwari Lal Purohit whether he suspects that he is playing with fire? In this way parliamentary democracy itself will be in danger! Governors are the 'symbolic heads' of the states. The real powers lie with the legislature.

This has been reiterated time and again in various judicial decisions over the last 50 years. Yet the Governor continues to sit idle for years over the bills which have been passed by the Assembly. In this way the Governor has been continuously ignoring the policies of the present state government and the intentions of the legislature. This is not the inherent spirit of the Constitution and democracy. Thankfully, the Constituent Assembly did not decide on the provisions for 'elected governor'.

It was arranged that the Governor would be appointed only in consultation with the Chief Minister. This constitutional provision has also been continuously violated. Now all these controversial governors have been members of BJP or Sangh Parivar or are their supported faces, hence the attitude of the governors towards non-BJP state governments is completely political. Therefore, a constitutional amendment should be brought in the Parliament and the role of the Governor should be redefined, or the court should give a decision.

Country's Politics: Panauti's Bhaukaal and Bhaukaal's Panauti..!

However, two things are worth noting that in today's times, the language of politics is returning towards the native idioms of Hindi and it is equally deadly. Words originate from the people, but politics gives them new meanings and dimensions. These days, a lot of politics is being done on two very indigenous words and this politics is also negative. These words are 'Panauti' and 'Bhaukaal.' These words are not completely new in literature and colloquial speech, but in politics they are now being used in the same form to mask each other, which is probably the basic meaning of these words. . That means, even in Panauti, Bhaukaal is being seen and Panauti, hidden within Bhaukaal, is being threatened. However, two things are worth noting that in today's time, the language of politics is returning towards the native idioms of Hindi and it is equally lethal. Its veracity can be debated, but the interesting thing is that these words have been used by Rahul Gandhi and Priyanka Gandhi, whose command over Hindi has often been questioned. The word 'Panauti' is not new in Hindi. But its use in political language is something new. Panauti is formed by adding suffix Auti to the Hindi word Pan. Its meaning is that any person has bad omen or bad omen. Congress leader Rahul Gandhi, during the election campaign in Rajasthan, said that our boys would have won the ICC World Cup there... Panauti made them lose there. TV people will not say this but the public knows. On this comment of Rahul, the Election Commission served him a notice. However, before this, Modi had called Rahul a 'lord of fools' and after Rahul called Modi a panauti, Madhya Pradesh Chief Minister Shivraj Singh Chouhan had even called Rahul a 'national shame'. While BJP asked Rahul Gandhi to apologize for using this word, Assam Chief Minister and former Congressman Himanta Biswas Sarma targeted the entire Gandhi family for 'Panauti'. He said that 'no auspicious work can be done in the country on the birthday of Gandhi family.' Coincidentally, November 19 was the birth anniversary of Indira Gandhi, the day of the World Cup final. In this context, Congress leader Priyanka Gandhi had expressed hope that Team India would become the champion on this occasion. There was also a hidden message in it that in 1983, when the Indian cricket team became the One Day World Champion for the first time, Indira Gandhi was the Prime Minister of the country. In response, BJP IT Cell said that the Pakistani team had defeated India 7-1 in the semi-finals of hockey in the Asian Games held in New Delhi in 1982. At that time PA Indiraji and future PM Rajiv Gandhi were present in the stadium. BJP's question was that who would be called Panauti here? Linking someone's mere presence with victory or defeat may be a trick, not a logical basis. Yet what Rahul said was a direct attack on Prime Minister Narendra Modi and his narcissistic working style. Because Modi himself was present in the stadium in the final match. According to Rahul, the presence of PM Modi proved to be inauspicious for the Indian team and despite playing well in the entire tournament, it lost to Australia in the final. The wishes of 140 crore people were dashed. The hidden message in this allegation was that Modi's presence is not auspicious for the country. This allegation in itself was a political googly, through which an attempt was made to uproot the public support of the Prime Minister. All the opposition parties repeated this allegation of Rahul in their own way. Shiv Sena (Uddhav) and Mamata Banerjee said that if the final match was held in Mumbai or Kolkata, Team Rohit would have won in any case. However, there is no answer to the question that even if this had happened, would PM Modi have gone there and would the result have been different from Ahmedabad? There were also hushed allegations that there were full preparations to convert the Indian team's possible victory in Ahmedabad into political credit, which Team Cummins had already destroyed. It was also said that the pitch number five of Namo Stadium, on which the final match was held, betrayed it at the last moment. Otherwise the crown of World Cup winner would have rested with the Indian team. Since the final was held at the NaMo Stadium in Narendra Modi's home state Ahmedabad, the PM himself was present there, hence unnecessary psychological pressure was created on the Indian team, that is why India continued to become the world champion. That means, if even a shot hit for a six is caught on the boundary, it is a sure shot of defeat. However, despite Team Rohit's defeat, the Prime Minister showed his sincerity by going to the dressing room to encourage the Indian players. Well, Sudhi people believe that leaders should stay away from sports. Because sports can bring prestige and money, not votes. If he wants, he can meet the players after victory or defeat. In fact, the basic difference between politicians cheering for players and common sports fans cheering is that while cheering, politicians are unable to avoid the temptation of becoming a 'cheerleader' themselves. Whereas the common sports fan also accepts his favorite team as Prasad from God. Therefore, there is a difference between 'political trick' and ordinary 'trick'. Panauti is the obstinacy of giving concrete form to the notion of bad luck. He is actually a target on whom the blame of defeat, disgrace or destruction can be placed. By the way, BJP has been doing this work with Rahul Gandhi for a long time. But she has been avoiding the use of the word 'Panauti'. Now Rahul (although I don't know how well he understands the impact of this indigenous Hindi word) has used this same Brahmastra against Prime Minister Narendra Modi in his election campaign. BJP is upset with this allegation and now 'Panauti' in political terminology is trending on many platforms and social media. There is a story by famous writer Malti Joshi, 'I am a challenge, not a panauti.' In this, the heroine, with her struggle and determination, manages her family surrounded by financial problems, while her husband and in-laws hold her responsible for the financial crisis. . Some political linguists believe that the use of 'Panauti' for PM Modi in the election campaign is a political answer to the word 'Pappu' used by BJP for Rahul. The second word which has trended a lot on the political screen these days is 'Bhaukaal'. It is said that it is a word from the dialect of Uttar Pradesh and especially Lucknow and Awadh areas. Bhaukaal means artificial status. According to experts, Bhaukaal is created, staged and also shown. That means trying to present oneself in an exaggerated manner. In other words, Bhaukaal is the charisma of a person which is negatively appreciated. Linking someone's mere presence with victory or defeat may be a trick, not a logical basis. Yet what Rahul said was a direct attack on Prime Minister Narendra Modi and his narcissistic working style. Because Modi himself was present in the stadium in the final match. laying well in the entire tournament, it lost to Australia in the final. The wishes of 140 crore people were dashed. The hidden message in this allegation was that Modi's presence is not auspicious for the country. This allegation in itself was a political googly, through which an attempt was made to uproot the public support of the Prime Minister. All the opposition parties repeated this allegation of Rahul in their own way. Shiv Sena (Uddhav) and Mamata Banerjee said that if the final match was held in Mumbai or Kolkata, Team Rohit would have won in any case. However, there is no answer to the question that even if this had happened, would PM Modi have gone there and would the result have been different from Ahmedabad? There were also hushed allegations that there were full preparations to convert the Indian team's possible victory in Ahmedabad into political credit, which Team Cummins had already destroyed. It was also said that the pitch number five of Namo Stadium, on which the final match was held, betrayed it at the last moment. Otherwise the crown of World Cup winner would have rested with the Indian team. Since the final was held at the NaMo Stadium in Narendra Modi's home state Ahmedabad, the PM himself was present there, hence unnecessary psychological pressure was created on the Indian team, that is why India continued to become the world champion. That means, if even a shot hit for a six is caught on the boundary, it is a sure shot of defeat. However, despite Team Rohit's defeat, the Prime Minister showed his sincerity by going to the dressing room to encourage the Indian players. Well, Sudhi people believe that leaders should stay away from sports. Because sports can bring prestige and money, not votes. If he wants, he can meet the players after victory or defeat. In fact, the basic difference between politicians cheering for players and common sports fans cheering is that while cheering, politicians are unable to avoid the temptation of becoming a 'cheerleader' themselves. Whereas the common sports fan also accepts his favorite team as Prasad from God. Therefore, there is a difference between 'political trick' and ordinary 'trick'. Panauti is the obstinacy of giving concrete form to the notion of bad luck. He is actually a target on whom the blame of defeat, disgrace or destruction can be placed. By the way, BJP has been doing this work with Rahul Gandhi for a long time. But she has been avoiding the use of the word 'Panauti'. Now Rahul (although I don't know how well he understands the impact of this indigenous Hindi word) has used this same Brahmastra against Prime Minister Narendra Modi in his election campaign. BJP is upset with this allegation and now 'Panauti' in political terminology is trending on many platforms and social media. There is a story by famous writer Malti Joshi, 'I am a challenge, not a panauti.' In this, the heroine, with her struggle and determination, manages her family surrounded by financial problems, while her husband and in-laws hold her responsible for the financial crisis. . Some political linguists believe that the use of 'Panauti' for PM Modi in the election campaign is a political answer to the word 'Pappu' used by BJP for Rahul. The second word which has trended a lot on the political screen these days is 'Bhaukaal'. It is said that it is a word from the dialect of Uttar Pradesh and especially Lucknow and Awadh areas. Bhaukaal means artificial status. According to experts, Bhaukaal is created, staged and also shown. That means trying to present oneself in an exaggerated manner. In other words, Bhaukaal is the charisma of a person which is negatively appreciated. Linguists associate its meaning with 'addressing time' (Bho+Kaal). It is said that Late was the first to use this word in politics. Mulayam Singh's daughter-in-law Aparna Yadav had done this a decade ago as a sarcasm on the working style of the then Akhilesh government. He had said that 'Only the Ministry of Environment runs in UP. If Bhaukaal is to attract people's attention then I am definitely Bhaukaali. Now this same word was used by Priyanka Gandhi during the election campaign. He said that the workers requested me to sit in the big car. I asked why and the answer I got was that these days it is politics of appearance. Has nothing to do with public problems. Whatever intention and understanding these two words may have used in the election campaign, they clearly reflect the current politics and character of our country. Unfortunately, mutual bitterness and hatred in the game of power has reached such a low level that even victory or defeat in the actual game is now a matter of political manipulation. On the other hand, 'timelessness' has now become an important factor in politics. This is actually a marketing skill to sell lies to the public by wrapping them in the wrapper of truth. The real question before the public is whom they consider as 'Panauti' and whose 'Bhaukaal' they consider as reality.

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी, बच्चों ने चाट पकौड़ी की लिया आनंद

सीएल गुप्ता घाट, मझोला गांगन, कटघर के गंगा मंदिर, लालबाग के काली माता मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डूबकी

मुरादाबाद- कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को हजारों श्रद्धालु आस्था की डूबकी लगाने रामगंगा नदी और गांगन नदी के तटों पर पहुंचे। इस दौरान घाटों पर मेले भी लगा। जिसमें बच्चों ने चाट पकौड़ी की आनंद लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने नदी के तट पर मुंडन संस्कार कराए और स्नान करके पुण्य प्राप्त किया। पुलिस प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए। कार्तिक पूर्णिमा पर आधी रात से ही श्रद्धालु रामगंगा नदी के तट पर इकट्ठा होने लगे थे। सूर्य निकलने से पहले ही स्नान कार्यक्रम शुरू हुआ।

सूर्य उदय पर पुष्प और चावल लेकर भास्कर देव को जल अर्पित किया। नदी में स्नान करके श्रद्धालुओं ने मनोकामना मांगी। रामगंगा विहार में सीएल गुप्ता घाट, कटघर के गंगा मंदिर, लालबाग के काली माता मंदिर, दसवां घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आया। मंदिरों पर लगे मेलों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में चाट पकौंड़ी के साथ बच्चों के लिए झूला का इंतजाम भी रहा। जिसमें बच्चों ने खूब आनंद उठाया।

तड़के मस्जिद-मंदिर व अन्य धार्मिक स्थल पर जांचे गए ध्वनि विस्तारक यंत्र

मुरादाबाद-ताजपुर माफी की अहमद रजा मस्जिद में लगे मिली तीन लाउडस्पीकर, उतरावाया और मौलवी को चेताया भी एसएसपी हेमराज मीना ने सोमवार सुबह पांच से सात बजे तक मस्जिद-मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र में आवाज के पड़ताल की है। जहां एक से अधिक साउंड लगे थे, वहां उन्हें उतरवाया है। अभियान के दौरान कटघर थाना क्षेत्र के ताजपुर माफी में अहमद रजा मस्जिद में तीन सुराही (लाउडस्पीकर) लगे मिले। इसमें से पुलिस ने दो सुराही उतरवाई हैं। मस्जिद के मौलाना नदीम को पुलिस ने भविष्य में दोबारा एक से अधिक सुराही लगाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए भी चेताया है। कटघर सीओ डॉ. गणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कटघर व गलशहीद थाना क्षेत्रों के कई धार्मिक स्थलों पर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र मानक से अधिक वाले भी पाए गए। संबंधित लोगों को समझाकर चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि कटघर थाना क्षेत्र में कुल 177 धार्मिक स्थल हैं। इनमें 92 मस्जिद और 77 मंदिर व अन्य धार्मिक स्थल हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज उसके परिसर से बाहर जा रही तो रोकना है। इस तरह पुलिस अधिकारियों ने बताया, धार्मिक स्थलों पर 40 डेसीबल तक का वॉल्यूम सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी की गई गाइड लाइन में दिया गया है।

इससे अधिक वॉल्यूम में लाउडस्पीकर बजाने पर कार्रवाई हो रही है। इसी के अनुपालन में सुबह पुलिस के लगभग सभी अधिकारी धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि उनके क्षेत्र में 45 मस्जिद, 9 मंदिर समेत कुल 54 धार्मिक स्थल हैं। इनमें सुबह चले अभियान के बीच में 10 मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर की आवाज कम भी कराई गई है। उन्होंने बताया कि निर्देश हैं कि धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज परिसर में ही रहे, ऐसे निर्देश हैं जिनका अनुपालन कराया जा रहा है। कटघर थाना क्षेत्र में काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल ने बताया कि उनके क्षेत्र में 40 मस्जिद व 12 मंदिर हैं। इन सभी जगह के लाउड स्पीकर में 40 डेसीबल तक का वॉल्यूम ही मिला है, कुछ जगह इससे भी कम पाया गया है। उन्होंने बताया कि मौलाना व पुजारी को समझाया गया है कि रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजेगा और निर्धारित वॉल्यूम से अधिक ध्वनि का विस्तार नहीं किया जाएगा। अजान-भजन पूजन के लिए एक ही लाउडस्पीकर रहेगा। उन्होंने बताया कि तड़के सुबह ही मस्जिदों में अजान व मंदिरों में भजन के लिए लाउडस्पीकर से ध्वनि विस्तार किया जाता है। इसी क्रम में पुलिस ने मंदिर, मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर में ध्वनि विस्तार की जांच की है। गोट गांव की जामा मस्जिद, बरबावाला, ताजपुर माफी में अहमद रजा मस्जिद, भैंसिया की तालाब वाली बड़ी मस्जिद, ताजपुर माफी का प्रचीन शिवमंदिर, रफातपुर का बाला जी महाराज मंदिर, एकता विहार कॉलोनी की विलाल मस्जिद व लालद्वारा मंदिर में लाउडस्पीकर के वॉल्यूम को जांचा गया है। इसी तरह भैसिया में चर्च और कटघर थाने के सामने आदर्शनगर में स्थित गुरुद्धारा में लगे लाउडस्पीकर में उसके वॉल्यूम को देखा गया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रामगंगा विहार पुलिस चौकी प्रभारी राजविंदर कौर ने बताया कि उनके क्षेत्र में 11 मंदिर हैं। इनमें ध्वनि विस्तार यंत्र नियमानुसार ही लगे हैं। इन सभी मंदिरों जाकर साउंड की आवाज को जांचा गया है। डीजीपी के निर्देश पर चला अभियान- एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के स्तर पर जारी निर्देश के क्रम में सोमवार सुबह मंदिर-मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर में वॉल्यूम के विस्तार की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि किन स्थलों पर मानक से अधिक ध्वनि विस्तार पाया गया है, इसके संबंध में प्रत्येक थाने से सूचना एकत्र की जा रही है।

मुरादाबाद में साफ हुई हवा, वायु प्रदूषण कम होने से येलो रेंज में छह मुख्य स्थान

मुरादाबाद- सबसे साफ बुद्धि विहार, कांशीराम नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, कांशीराम नगर आदि में भी सूचकांक 150 से कम पिछले दिनों महानगर के मोहल्लों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई। दमा के रोगियों के लिए समस्या गंभीर हुई। लेकिन सोमवार को प्रदूषण स्तर में काफी सुधार रहा। महानगर के प्रमुख छह स्थान पर वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहतर स्थिति में रहा। जिसमें सबसे स्वच्छ दिल्ली रोड पर बुद्धि विहार का इलाका रहा। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 110 पीजीएम (प्रति घन मीटर) रिकॉर्ड किया गया। वहीं अन्य क्षेत्र भी साफ रहे। सूचकांक यलो रेंज में रहा। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में पिछले साल देश में मुरादाबाद नगर निगम नंबर एक आया था। जबकि इस दूसरा स्थान मिला था। दिवाली पर आतिशबाजी के चलते वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। दिल्ली रोड सहित कई अन्य क्षेत्र में सूचकांक 300 पार कर रेड जोन में पहुंची था। बाद में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन पिछले सप्ताह कई जगह खुले में कूड़ा जलने और सड़कों पर उड़ रही धूल से प्रदूषण फिर खतरनाक स्तर पर आ गया। जिसे देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने उन क्षेत्रों में स्प्रिंकलर मशीन से सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराया। जिससे राहत मिली। सोमवार को महानगर में वायु प्रदूषण काफी कम रहा। बुद्धि विहार में सूचकांक 110, जिगर कालोनी में 134, कांशीराम नगर में 131, ट्रांसपोर्ट नगर में 127, दिल्ली रोड पर ईको हर्बल पार्क क्षेत्र में 134 और कांठ रोड पर सेवायोजन कार्यालय क्षेत्र में सूचकांक 142 रहा। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। पीतलनगरी में औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण के ठोस उपाय न होने, वाहनों के धुएं और खुले में कूड़ा जलाने पर सख्ती न होने से कई बार यहां वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो जाता है। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन सतर्कता बरत रहा है।

नगर निगम के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार का कहना है कि स्प्रिंकलर मशीन से प्रदूषण वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। खुले में कूड़ा जलाने वालों पर कार्रवाई होगी।

यातायात नियमों का करें पालन, संभलकर चलाएं वाहन

मुरादाबाद-चालू वर्ष के 10 महीने अर्थात अक्टूबर तक जिले में 379 हादसे हुए हैं। इनमें 257 लोग अपनी जान गवां चुके हैं, जबकि 302 लोग घायल हुए हैं। इसी आंकड़े पर एसपी ट्रैफिक कहते हैं कि जिन परिवारों के सदस्यों ने दुर्घटना में जान गंवाई है, उनमें परिवार के मुखिया भी हैं। उन्होंने कहा, सोचिए जिस परिवार के मुखिया की हादसे में असमय मौत हो गई है, उसके परिजनों का क्या हाल होगा। बच्चों के स्कूल/ट्यूशन की फीस संग शिक्षा भी प्रभावित हो रही होगी। परिवार के तमाम खर्चे पूरे होने में आर्थिक दिक्कत हो रही होगी। छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा होगा, उनको बाजार से खिलौने कौन लाकर देगा। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार कहते हैं कि परिवार में जब तक पिता है, बाजार में बच्चों के खिलौने अपने हैं और सारे सपने भी साकार होते हैं पर जब सिर से अभिभावक का साया उठ जाता है तो बच्चों को भी सब कुछ पराया महसूस होने लगता है। इसलिए सड़क पर सफर करते समय यातायात नियमों का पालन जरूरी है। एसपी ट्रैफिक ने कहा, वाहन चालाक या उस पर सवार होने वाले लोग जिंदगी की सुरक्षा अपने लिए न सही लेकिन, कम से कम अपने बच्चों-पत्नी के लिए ही करें तो निश्चित ही सड़क हादसों में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि एक नवंबर से पुलिस यातायात माह मना रही है। नियम उल्लंघन कर करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में वह भी हैं जो नशे की हालत में वाहन चलाते मिल रहे हैं, दूसरे वह लोग भी हैं जो बाइक चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले हैं। देखा जा रहा है कि यातायात माह में भी लोगों को जिंदगी की बात दूर, पुलिस की कार्रवाई तक का भय नहीं है। यातायात नियमों के अनुपालन में जब तक जन सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक कामयाबी मुश्किल है।

जागरूकता पर भी जोर

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि कार्रवाई के साथ यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना भी जरूरी है। इसीलिए 19 नवंबर तक 357 स्कूल-कॉलेजों में 26,162 से अधिक छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। मेला/बाजारों में भी 8275 लोगों को सफर में जिंदगी की सुरक्षा के बारे में बताया गया है। सड़क मार्ग पर 16,610 राहगीरों को रास्ता क्रॉस करना चाहिए आदि के बारे में समझाया गया है। 8400 लोगों को पंफलेट बांटे गए हैं। ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो के 5123 चालकों को और ट्रैक्टर-ट्रॉली के 1126 चालकों को वाहन संचालन के संबंध में प्रशिक्षित भी किया गया है। सड़क हादसों में से सबसे अधिक मौतें बिना हेलमेट के बाइक सवारों की हो रही हैं। इसलिए बाइक चलाते और उस पर बैठकर चलने वालों को हेलमेट लगाने के लिए हम खासकर स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर रहें हैं। उनको यातायात नियमों की अनिवार्यता के बारे में समझा रहे हैं। कार सवारों को सीट बेल्ट के प्रयोग के महत्व को बता रहे हैं। हादसे और उसमें होने वाली मौतों के आंकड़े देखकर कष्ट होता है। हर किसी को सफर में अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। -सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी ट्रैफिक

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मुस्तैद रही पुलिस

मुरादाबाद-कार्तिक पूर्णिका के अवसर पर रामगंगा नदी के घाटों पर पुलिस सुबह पांच बजे ही मुस्तैद रही। सिविल लाइन थाना क्षेत्र और ठाकुरद्वारा, बिलारी व अन्य घाटों पर स्नान के लिए सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। रामगंगा विहार कॉलोनी क्षेत्र के घाट पर खान-पान के स्टॉल भी लगाए गए हैं। वहीं, कटघर थाना पुलिस भी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नाव, स्टीमर और नाव भी लगाई गई हैं। इस मामले में एक दिन पहले रविवार शाम को ही एसएसपी हेमराज मीना ने सभी सीओ और थानाध्यक्षों के साथ जूम मीटिंग कर व्यवस्थाएं जानी थीं और उन्हें बेहतर सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश भी दिए थे। कटघटर थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी पर दो घाट हैं। इनमें अटल घाट व पीतलनगरी रामगंगा घाट पर सुबह 11 बजे तक करीब 1000 श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। यहां पर काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल व गुलाबबाड़ी चौकी प्रभारी उचित कुमार के साथ ही कांस्टेबल राजकुमार व कुलदीप कुमार समेत काफी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए घाट पर आने में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस ने रामगंगा पुल पर भारी वाहनों को बाईपास से होकर डायर्वट कर रखा था। बाइक, कार व अन्य वाहनों से घाट पर श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पहुंच रहे थे। अटल घाट पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से लकड़ी की दो नाव और दो स्टीमर रिजर्व में रखे गए थे। यही नहीं, चार गोताखोर भी मौजूद थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रामगंगा विहार पुलिस चौकी प्रभारी राजविंदर कौर ने बताया कि रामगंगा नदी के सीएल गुप्ता घाट पर सुबह 11 बजे तक करीब 700 श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। उन्होंने बताया कि घाट पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक नाव और चार गोताखोरों की व्यवस्था की गई थी। इससे पहले रविवार को घाट पर बढ़िया साफ-सफाई कराई गई थी। चूना आदि का छिड़काव भी कराया गया था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी पूजा-आस्था में कोई बाधा न आए, इसलिए चौकी प्रभारी के साथ ही दरोगा ब्रजेश कुमार और हेड कांस्टेबल अनिल, सचिन व सोनू भी ड्यूटी पर लगे रहे।

निगम के अधिकारियों के दावे का सच सड़कों पर बेजान, जगह-जगह कूड़ा स्मार्ट सिटी की छवि को कर रहा बदरंग

मुरादाबाद-स्वच्छ और सुंदर महानगर के संकल्प को जगह-जगह कूड़ा और गंदगी मुंह चिढ़ा रहे हैं। दावा तो दिन हो या रात हर समय कूड़ा निस्तारण के विशेष प्रबंध का है मगर, सच ऐसा नहीं है। महानगर स्मार्ट सिटी में चुना गया है, इसके बाद रहन- सहन और शहरी जीवन जीने को लेकर लोगों की सोच बदली है लेकिन, सार्वजनिक स्थानों की गंदगी और समय से कूड़ा का निस्तारण का न होना स्मार्ट सिटी को बदरंग कर रहा है। चिकित्सकों को डर है कि अगर सफाई को लेकर निगम का यही रवैया रहा तो ठंड के मौसम में और संक्रामक बीमारियां खतरा बन सकती हैं। कांठ रोड़ से प्रतिदिन हजारों लोग आते-जाते हैं। सड़क किनारे हरथला चौराहा के पास कूड़े का ढेर किसी से छिपा नहीं है, यहां दिन हो या रात कूड़े का ढेर दिख जाता है। ऐसे लगता है कि दिन में कभी एक बार कूड़ा उठान सही से नहीं हो पाता है। सुबह कूड़ा उठाने के समय भी कर्मचारी लापरवाही करते हैं। वाहन पर कूड़ा लोड करते समय सड़क पर कूड़ा बिखेर देते हैं, जिससे यहां दुर्गंध सदैव रहता है। सफाईकर्मी इसको साफ भी नहीं करते है। पैदल चलने वाले लोगों को परेशान होते देखा जा सकता है। बाइक सवार नाक पर हाथ रखकर तेजी निकलते हैं। दुर्गंध से कई लोग उल्टी तक कर देते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

संविधान दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश रवीनद्र कुमार-द्व के आदेशानुसार आज रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भारतीय संविधान के पितामह बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया गया तत्पश्चात कमालुद्दीन अपर जिला/ सचिव, सचिव द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं, अध्यापिकाओं एवं कर्मचारीगण को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का पाठन कराया गया एवं संविधान के महत्त्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकार व उनके कर्तव्यों के हितों की जानकारी दी एवं उनके संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। इस शिविर का संचालन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डेन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती रिचा यादव, पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण एवं उन पर होने वाली घरेलू हिंसा से बचाव व उनके अधिकार आदि के बारे में विधिक जानकारी प्रदान की।

भू माफिया का कैलाश मन्दिर प्रगण भूमि को टुकड़े टुकड़े बेचने का मैनोफ्चर जारी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-लखनऊ-उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस नीती में विफल तब हो जाती है,भष्ट्राचार चरम पर राजस्व विभाग में पहुंच गया है, आपको बताते चलें विगत वर्षो से सरकार की मेहरबानी से अब अपने और अधिकारियों के रहमो करम पर रिश्वत लेते हैं, संत सरकार में भष्ट्राचार पर हमला हुआ है, लेकिन भष्ट्राचार में डूबे कानूनगो लेखपाल कोई सबक लेने को तैयार नही है, लेकिन डर उनके चेहरे पर मुस्कान बन कर उभरता साफ नजर आता है,

इसी क्रम में एटा जिले में भू माफियाओं का आतंक लेखपाल और कानूनगो के सांठ गांठ से जिला प्रशासन की साख पर बट्टा लगा दिया है, आज एटा में मन्दिर प्रगण की भूमि के टुकड़े टुकड़े बेचे जा रहे है, जिम्मेदार मौन कार्यवाही करें कौन उपजिलाधिकारी से लेकर अपर जिला अधिकारी को सही दिशा से भटका कर लेखपाल और कानूनगो अपनी जेब भरने में लगे है,इधर वर्तमान संपत्ति कैलाश मंदिर की मुकुल भान सिंह जी के राजा साहब के नाम है और ऑडियो राजा साहब ने साफ शब्दों में कहा है बैनामा हमने किसी को किया ही नही है, अब जिला प्रशासन तय करे जिलाधिकारी एटा को अंधेरे में कौन रखे है, अधिकारियों की साख पर बट्टा लग रहा है, अधिकारियों के नाम से भू माफियाओं से मोटी रकम ऐंठने का काम लेखपाल और कानूनगो भू माफिया से मिलकर कर कागजी हेर-फेर कर लिया है सूत्रों की माने तो प्लांटिंग शुरू हो गई है, संत सरकार में मन्दिर की भूमि टुकड़े टुकड़े बेचे जाने से आम चर्चा दबी जुबान से निकल रही है,जो भू माफिया सपा की सरकार में काम न कर पाए बो काम संत सरकार को रुपए देकर कर डाला है

सिलेंडर की आग ने डाला रंग में भंग

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-शहर के मोहल्ला जाटवपुरा में आयोजित एक शादी समारोह में उस समय रंग में भंग पड़ गया जब सिलेंडर में आग लगने से चार लोगों को अस्पताल तक पहुचना पड़ा ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाटवपुरा में आयोजित शादी समारोह के दौरान खाना बन रहा था कि तभी अचानक गैस सिलेंडर में लगी आग से एक युवक तीन लड़कियां और एक महिला झुलस गई, स्थानीय लोगों ने जान पर खेल कर व मुश्किल आग पर काबू पाया और आग से झुलसे सभी घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया ।

एटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा श्री रवीनद्र कुमार-I के आदेशानुसार दिनांक-26-11-2023 को संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, एटा में समय दोपहर 12-00बजे भारतीय संविधान के पितामह बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया गया

तत्पश्चात श्री कमालुद्दीन अपर जिला/ सचिव, सचिव महोदय द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं, अध्यापिकाओं एवं कर्मचारीगण को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का पाठन कराया गया एवं संविधान के महत्त्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकार व उनके कर्तव्यों के हितों की जानकारी दी एवं उनके संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। इस शिविर का संचालन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, एटा के वार्डेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रिचा यादव, पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण एवं उन पर होने वाली घरेलू हिंसा से बचाव व उनके अधिकार आदि के बारे में विधिक जानकारी प्रदान की।

किसान की समस्याओं की मजाक उड़ाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों के हितों की रक्षा की बात करते हैं तो शर्म आती है – राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

